इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 7 जनवरी 2024

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।

- शंकराचार्य

वर्ष 16 अंक 123 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

तापमान - अधिकतम 18.4°C (-2.0) न्यूनतम 12.6°C(+5.0) सेंसेक्स 72,026.15 (+178.58) निफ्टी 21,710.80 (+052.20) सोना 63,420 चांदी 76,600 मुद्रा - डालर 83.15 दिरहम 22.64 रियाल 22.17

एरा यूनिवर्सिटी के तीन छात्र हुए सम्मानित

लखनऊ (सं)। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शनिवार को एरा यूनिवर्सिटी के मिनी ऑडिटोरियम में तीन मेधावी छात्रों वैष्णवी गुप्ता, एमबीबीएस, साजिद अली, बी.फार्मा और आकाश यादव, बी.एससी. एमएलटी को समारोह में सम्मानित किया। इन छात्रों ने शैक्षणिक/खेल/समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बैंक की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार भी दिया गया।

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा टीम में राजेश गुप्ता, उप क्षेत्रीय प्रबंधक (डीआरएम) और बैंक की चौक शाखा के मुख्य प्रबंधक अहसान नकवी ने एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अब्बास अली मेहदी के साथ अन्य फैकल्टी जिनमें डॉ. (प्रो.) अनु चंद्रा रजिस्ट्रार, डॉ. (प्रो.) सैयद तसलीम रज़ा परीक्षा नियंत्रक, डॉ. (प्रो.) जमाल मसूद प्रिंसिपल ईएलएमसी एंड एच, डॉ. (प्रो.) ए.के. श्रीवास्तव डीन विज्ञान संकाय, डॉ. (प्रो.) रियाज मेहदी डीन संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, डॉ. सुरजीत बसु चिकित्सा अधीक्षक ईएलएमसी एवं एच, डॉ. (प्रो.) दिलशाद रिजवी चीफ प्रॉक्टर, डॉ. (प्रो.) सिद्धार्थ चंदेल डीन छात्र कल्याण, डॉ. (प्रो.) मोहिनी चौरसिया, प्रिंसिपल एरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, प्रो. एच.सी.एल. रावत प्राचार्य एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने एक शैक्षणिक संस्थान में पुरस्कृत करना तथा सम्मानित करने के महत्व के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्र म संकाय सदस्यों तथा छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने और देश की समग्र प्रगति एवं विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस सम्मान कार्यक्रम को एरा विश्वविद्यालय में आयोजित करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों विशेषकर राजेश गुप्ता को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. रूपाली मिर्ज़ा ने किया। इसमें एरा यूनिवर्सिटी के कई अधिकारियों, फैकल्टी और छात्रों के साथ-साथ बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों ने भी भाग लिया।